Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा

## अपने बच्चे को वाहन के अंदर और बाहर सुरक्षित रखें

जो बच्चा स्वीकृत चाइल्ड कार सीट में उचित रूप से सुरक्षित रहता है, उसके दुर्घटना में मारे जाने या घायल होने की संभावना कम होती है।

चार से सात वर्ष तक कि आयु वाले बच्चे, यात्रियों के बैठने के लिए दो या उससे अधिक पंक्तियों वाले वाहनों की अगली सीट पर बैठकर तब तक यात्रा नहीं कर सकते जब तक कि पीछे की सारी सीटों पर, अनुमोदित चाइल्ड रीस्ट्रेंट या बूस्टर सीट पर, सात साल से कम आयु वाले बच्चे न बैठे हों। यात्रियों के बैठने के लिए सीटों की दो या उससे अधिक पंक्तियों वाले वाहनों में सबसे कम आयु के बच्चों को पीछे वाली सीटों पर बैठाना सबसे अच्छा होता है।

राष्ट्रीय बाल नियंत्रण कानून (नेशनल चाइल्ड रीस्ट्रेंट लॉ) के अनुसार आपके बच्चे को वाहन में इस प्रकार से सुरक्षित किया जाना आवश्यक है:

**0 – 6 महीने**
पीछे की ओर मुँह वाली, अनुमोदित चाइल्ड कार सीट पर।

**6 महीने – 4 वर्ष**
पीछे या आगे की ओर मुँह वाली, अनुमोदित चाइल्ड कार सीट पर।

**4+ वर्ष**
आगे की ओर मुँह वाली, अनुमोदित चाइल्ड कार सीट पर या बूस्टर सीटबेल्ट बाँधकर।

**145 सेमी या उससे अधिक लंबाई**
वयस्क लैप-सैश सीटबेल्ट का उपयोग करने के लिए सुझाई गई न्यूनतम लंबाई।

अधिक जानकारी के लिए और बच्चों की कार सीटों के प्रकारों को जानने और उनकी तुलना करने के लिए, **childcarseats.com.au** पर जाएं

आपके बच्चे को वाहन के अंदर और बाहर सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए यहाँ कुछ सुझाव दिए गए हैं:

- अपने बच्चे को हमेशा 'सेफ्टी डोर' से वाहन में चढ़ने और उतरने में मदद करें। यह सड़क के किनारे की तरफ़ वाला वाहन का पीछे की तरफ का दरवाज़ा होता है।
- सीट बेल्ट बांधने में अपने बच्चे की मदद करें - हमेशा जांच लें कि सीट बेल्ट मजबूती से बांधी गई है और मुड़ी हुई नहीं है।
- यह नियम बना लें कि वाहन शुरू करने से पहले प्रत्येक यात्री सीटबेल्ट या चाइल्ड कार सीट पर सुरक्षित रूप से बैठा हो।
- वाहन में सोते हुए बच्चे को मजबूती से सीट बेल्ट बाँधना अनिवार्य है।
- किसी भी उम्र के बच्चे को कभी भी किसी वयस्क की निगरानी के बिना वाहन में न छोड़ें। अगर बच्चों को अकेला छोड़ दिया जाए, तो उन्हें जल्द ही डिहाइड्रेशन, गर्मी से थकावट हो सकती है और उनके शरीर के अंग काम करना बंद कर सकते हैं, खासकर गर्म दिनों में।

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।



**अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश**

- क्लिक, क्लैक, आगे और पीछे
- हमेशा सुरक्षित रूप से सीट बेल्ट बांधें
- फुटपाथ की तरफ से कार में चढ़ें और उतरें

स्टॉक कोड 45095232 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

TOWARDS ZERO